तापमान
अधिकतम 15 .9 डिग्री
न्यूनतम 3 .7 डिग्री

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार 12 जनवरी 2026

11 शिक्षामंत्री ने किया स्कूल के कमरों का उद्घाटन



12 गंदे पानी की सप्लाई से ग्रामीण परेशान



## खबर संक्षेप



### रक्तदान समाज की सबसे उत्तम सेवा : जैन

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने रविवार को वार्ड नंबर एक शिव मंदिर जटवाड़ा में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि रक्त के दान से बड़ा कोई दान नहीं होता। यदि जरूरतमंद को समय पर रक्त मिल जाये तो उसे जीवनदान मिल जाता है। इस अवसर पर 56 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में विनोद खत्री, गौरव प्रजापत, योगेश शर्मा, श्याम सिंह नंबरदार, राजेंद्र सिंह प्रधान, पंडित महेश शर्मा, दीपक खत्री, दीपक सैनी, हितेश, अखिल, संजू खत्री, सुभाष खत्री आदि उपस्थित रहे।

### लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन



**सोनीपत।** असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की ओर से लाल बहादुर शास्त्री पार्क 8 मरला में स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें फूल माला अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के ओम कुमार जांबाज प्रदेश सीनियर वाइस चेयरमैन, पूर्व प्रदेश चैयरमेन लाल बहादुर शास्त्री ट्रस्ट सावित्री मलिक प्रदेश सचिव (केकेसी) यशवंत राव चौहान जिला अध्यक्ष , राम सिंह दहिया जिला सचिव ने मिलकर स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### संस्थान की कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**खरखौदा।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर भवन एवं शिक्षा संस्थान की कार्यकारिणी त्रिवार्षिक चुनाव के दृष्टिगत संस्थान के 11 पदों के लिए नामांकन मांगे गए थे। चुनाव अधिकारी आर के पोरिया ने बताया कि संस्थान कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक चुनाव के लिए 15 जनवरी तय की थी। जबकि अब मतदान की आवश्यकता नहीं रही। प्रधान पद के लिए रामफल मेहरा, उप प्रधान के लिए आज़ाद सिंह, महासचिव के लिए रामकंवार सिंहमार, संयुक्त सचिव के लिए संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष के लिए मोहिंद्र सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए ज़िले सिंह, करतार सिंह, मनीष कुमार, धर्म सिंह, राज पाल व दिनेश कुमार ने नामांकन किया था। जिनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा बाकी रह गई है

## ‘खाकी’ पर सवाल

### 10 दिसंबर 2025 को पुलिस ने कार से 450 लीटर घी पकड़ा था

# नकली देसी घी की बरामदगी में भ्रष्टाचार और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में थाना प्रभारी और एएसआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने की कार्रवाई

जिले के गोहाना में नकली वीटा घी की तस्करी का मामला अब केवल मिलावटखोरी तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसने खाकी की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। इस प्रकरण में निष्पक्ष जांच न करने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के बाद विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए थाना प्रभारी और एक सहायक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मचाने वाली साबित हुई है क्योंकि प्राथमिक जांच में पुलिस अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। गोहाना सीटी थाना क्षेत्र में हुए इस खुलासे ने विभाग को उस समय कठघरे में खड़ा कर दिया जब यह बात सामने आई कि नकली घी के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करने के बजाय अधिकारियों ने इसमें लापरवाही बरती। शिकायतों का अंबार लगने के बाद पुलिस के उच्च अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लिया। पहले थाना प्रभारी अरुण कुमार और एएसआई संदीप को लाइन हाजिर किया गया था लेकिन जांच की आंच बढ़ते ही अब दोनों को सस्पेंड कर दिया गया है।



### 10 दिसंबर की वह कार्रवाई जिसने खोला राज

इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत 10 दिसंबर 2025 को हुई थी। गुप्त सूचना के आधार पर गोहाना शहर थाना पुलिस ने खंदराई मोड़ के पास घेराबंदी की थी। इस दौरान जींद की ओर से आ रही एक अर्टिगा कार को रोका गया। कार चला रहे जींद के गुरुद्वारा कॉलोनी निवासी आरोपित सुनील कुमार से जब पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। वाहन की बारीकी से तलाशी लेने पर पुलिस की आंखें फटी रह गई क्योंकि गाड़ी के अंदर वीटा मार्का के नकली देसी घी की खेप मौजूद थी।तलाशी के दौरान अर्टिगा कार से लगभग 450 लीटर नकली घी बरामद किया गया जिसे वीटा ब्रांड के नाम पर खपाने की तैयारी थी।

### वीटा के गुणवत्ता नियंत्रक ने घी को नकली बताया पैकिंग में भी धांधली

मामले की गंभीरता को देखते हुए वीटा मिल्क प्लांट जींद के गुणवत्ता नियंत्रक सहायक प्रबंधक को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने प्रारंभिक जांच के बाद पुष्टि की कि घी नकली है और इसकी पैकिंग में भी धांधली की गई है। आरोपित सुनील कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने जींद के राजेंद्र नगर स्थित एक फैक्ट्री पर भी छापा मारा। वहां से फैक्ट्री मालिक आरोपित नंदकिशोर को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि इसी कारखाने में घटिया सामग्री का उपयोग कर नकली घी तैयार किया जा रहा था। मामले के खुलने के बाद जांच चल रही है।

### पुलिस कर्मियों की भूमिका पर उठ रहे बड़े सवाल

हैरानी की बात यह रही कि इतनी बड़ी बरामदगी और मुख्य आरोपितों की गिरफ्तारी के बावजूद केस को जिस ढंग से आगे बढ़ाया जाना चाहिए था उसमें बड़ी खामियां पाई गईं। उच्च अधिकारियों को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि एसएचओ अरुण कुमार और एएसआई संदीप ने आरोपितों को लाभ पहुंचाने के लिए साक्ष्यों और जांच की दिशा के साथ खिलवाड़ किया। भ्रष्टाचार के इन आरोपों ने पुलिस की छवि को धूमिल किया जिसके बाद मुख्यालय ने कड़ी कार्रवाई का मन बनाया।

### जिले में फैला नकली खाद्य पदार्थों का नेटवर्क

नकली घी का यह काला कारोबार केवल आर्थिक अपराध नहीं है बल्कि यह आम जनता के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा एक जानलेवा खिलवाड़ है। वीटा जैसे ब्रांड पर भरोसा करके लोग घी खरीदते हैं लेकिन मुनाफाखोरी के चक्कर में तस्कर इसे जहर बनाने में जुटे हैं। इस प्रकरण ने यह भी उजागर किया है कि जींद और गोहाना के बीच नकली खाद्य पदार्थों की सप्लाई का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है जिसे तोड़ने के लिए पुलिस को अब नए सिरे से रणनीति बनानी होगी। वर्तमान में निलंबित किए गए दोनों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आंतरिक जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर गिरफ्तार किए गए आरोपित सुनील कुमार और आरोपित नंदकिशोर से पूछताछ के जरिए इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## लूट का एक ही पैटर्न : पहले तेल डलवाया फिर पिस्तौल निकालकर पंप कर्मियों पर तानी

# बिना नंबर की बुलेट पर आए युवक ने 12 मिनट में दो पेट्रोल पंप लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

■ एक पंप से 8-9 हजार और दूसरे से 10 हजार रुपये लूटकर फरार

गन्नौर में जीटी रोड पर रविवार की सुबह अलग-अलग दो पेट्रोल पंप पर पिस्तौल दिखाकर 19 हजार रुपए की नकदी लूटकर युवक मोटरसाइकिल पर फरार हो गया। घटना सीसीटीवी में कैद, बड़ी थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लुटेरे की तलाश शुरू कर दी। दोनों पेट्रोल पंप पर पैसे छीनने की वारदात बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार एक ही युवक ने दी है। घटना की पहली पैसे छीनने की वारदात क्षेत्र में पानीपत से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बत्रा पेट्रोल पंप पर शुक्रवार तड़के गन प्वाइंट पर लूट की वारदात सुबह करीब 3 बजकर 40 मिनट पर की। पुलिस को दी शिकायत में सेल्समैन कृष्ण कुमार निवासी हरिनगर गली नंबर-3 गन्नौर ने बताया कि एक युवक बिना नंबर प्लेट की नई रॉयल एनफील्ड बाइक पर आया और 200 रुपये का पेट्रोल भरवाया। इसके बाद युवक ने अचानक पिस्टल निकालकर स्लाइड कर दोनों सेल्समैन पर तान दी और कैश देने की धमकी दी। डर के कारण कृष्ण कुमार ने अपनी जेब में रखे करीब 8-9 हजार रुपये युवक को दे दिए। आरोपी नकदी लेकर दिल्ली की ओर फरार हो गया।

**3.28** बजे अलसुबह पहली वारदात दिल्ली-पानीपत पर इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर

**3.40** बजे अलसुबह दूसरी वारदात पानीपत से दिल्ली रोड पर बत्रा पेट्रोल पंप पर



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दूसरी घटना दिल्ली से पानीपत की ओर जाने वाले जीटी रोड पर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप की है । सुबह करीब 3 बजकर 28 बजे की है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित सेल्समैन नरेंद्र निवासी गांव चिरस्मी ने बताया कि वह अपने साथी संदीप के साथ ड्यूटी पर था। इसी दौरान हेलमेट लगाए एक युवक रॉयल एनफील्ड बाइक पर आया और 100 रुपये का पेट्रोल भरवाने की बात कही। पेट्रोल भरते समय युवक ने अचानक जैकेट से पिस्टल निकालकर स्लाइड कर दी और कैश देने की धमकी दी। डर के कारण सेल्समैन ने जेब में रखे करीब 8 से 10 हजार रुपये युवक को सौंप दिए। आरोपी बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दिल्ली की ओर फरार हो गया।

### मामले की जांच के लिए तीन टीमों का गठन



बड़ी थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट ने बताया की पेट्रोल पंप से पैसे छीनने वाले आरोपी की तलाश के लिए अलग-अलग तीन टीम में गठित कर दी गई हैं। आरोपित की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खगाली जा रही है।

## अंडरपास से जबरन गुजरने का प्रयास कर रहा कंटेनर पलटा

■हादसे से चेतावनी बोर्ड व स्वागत द्वार क्षतिग्रस्त



**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी के समीप बादशाही रोड पर बने अंडरपास पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अंडरपास से जबरन गुजरने का प्रयास कर रहे एक बड़े कंटेनर ने पहले चेतावनी बोर्ड और स्वागत द्वार को तोड़ दिया। इसके बाद चालक की लापरवाही और जल्दबाजी के चलते चेतावनी बोर्ड व स्वागत द्वार का ऊपरी ढांचा व उसका भारी पोल कंटेनर के ऊपर आ गिरा, जिससे ट्राला पलट गया। गनीमत रही कि उसे दौरान ट्राले के पास से कोई वहां नहीं गुजर रहा था, जिससे इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंडरपास पर भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर पहले से ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इसके बावजूद कंटेनर चालक ने नियमों की अनदेखी करते हुए अंडरपास से ट्रॉले सहित निकलने की कोशिश की। जैसे ही कंटेनर अंडरपास के पास सोनीपत की तरफ से गन्नौर जाने के लिए पहुंचा तो ऊंचाई अधिक होने के कारण वह ऊपर बने ढांचे से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि अंडरपास का स्वागत द्वार और चेतावनी बोर्ड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

## मरणोपरांत नेत्रदान : गंगा की आंखें अब भी देखती रहेंगी



**सोनीपत।** मोहल्ला कलां निवासी गंगा देवी भगत के निधन के उपरांत उनके परिवार ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। मरणोपरांत उनके दोनों नेत्रदान किए गए, जिससे दो नेत्रहीनों को संसार देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह पुण्य कार्य महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत के तत्वावधान में संपन्न हुआ। पौत्र ईशांक भगत की सहमति से हरि चन्द स्नेही, प्रधान, हर भगवान रहेजा, महासचिव और सोहन लाल भारती की विशेष प्रेरणा से यह नेत्रदान कराया गया। नेत्रदान की प्रक्रिया श्राफ नेत्र बैंक दिल्ली के नेत्र तकनीकी विशेषज्ञ नरेन्द्र कुमार लोहमोर और उनकी टीम द्वारा पूरी की गई। परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह कार्य दिवंगत की मानवीय सोच को आगे बढ़ाने का प्रयास है। नेत्रदान से न केवल जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है। नेत्रदान के समय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

परिवार ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी, मानवता के लिए बना प्रेरणास्त्रोत, दो लोगों को मिलेगी नेत्र ज्योति

■

सारी प्रक्रिया श्राफ नेत्र बैंक दिल्ली के नेत्र तकनीकी विशेषज्ञ नरेन्द्र कुमार लोहमोर व टीम के साथ पूरी की

## नाबालिग को अगवा कर रेप का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना राई की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा करके दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नीरज निवासी मौजम नगर खरखौदा जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 1 सितबंर 2025 को जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना राई में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया था कि 2 अगस्त को नीरज मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अगवा करके मोटरसाईकिल पर हरसाना गांव की ओर ले गया। शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। थाना राई की अनुसंधान टीम मे नियुक्त महिला उप निरिक्षक शकुन्तला ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुये न्यायालय के आदेशानुसार नाबालिग लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। मामले में दुष्कर्म की पुष्टि होने पर पोक्सो अधिनियम की धाराओं को जोड़ा गया। दूसरी तरफ कार्यवाही करते हुये घटना में संलिप्त आरोपित नीरज निवासी मौजम नगर खरखौदा जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



■ पुलिस ने पीड़िता की काउंसलिंग करवाई, आरोपी को जेल भेजा गया

## पहाड़ी क्षेत्रों पर हो रही बर्फबारी का मैदानी इलाकों पर सीधा असर

# बर्फीली हवाओं से ठिठुरा सोनीपत, धूप से भी नहीं मिली राहत, दिनभर छुटती रही कंपकंपी

पार्कों में धूप सेंकते नजर आए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत जिले में शीतलहर ने सर्दी के इस मौसम का विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों तक पहुंच रहा है। रविवार को जिले का न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। करीब 11 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली बर्फीली हवाओं ने ठंड की तीव्रता को कई गुना बढ़ा दिया, जिससे सुबह और शाम के समय हालात सबसे ज्यादा सख्त बने रहे। आम जनजीवन पर इसका स्पष्ट असर दिखाई दिया और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले।दिनभर आसमान साफ रहा और धूप भी निकली, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण धूप पूरी तरह बेअसर साबित हुई। तापमान भले ही अधिकतम 15 डिग्री तक पहुंच गया, लेकिन सर्द हवाओं के कारण यह 12 डिग्री जैसा महसूस हुआ। शहरों में लोग पार्कों, छतों और खुले मैदानों में धूप सेंकते नजर आए, वहीं बाजारों में भी सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा।



### सब्जियों की फसल को नुकसान

शीतलहर का प्रभाव खेती पर भी गहराता जा रहा है। जिले में गेहूं, सरसों, चना और सब्जियों की फसलों पर ठंड का सीधा असर पड़ रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय हल्की ठंड गेहूं और सरसों के लिए फायदेमंद मानी जाती है, लेकिन अत्यधिक शीतलहर और पाला पड़ने की स्थिति में फसलों को नुकसान हो सकता है। विशेषकर सब्जियों में पत्तियों के झुलसने और वृद्धि रुकने का खतरा रहता है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे सुबह के समय हल्की सिंचाई करें, ताकि पौधों की जड़ों में नमी बनी रहे।

### ठंड में सावधानी बरतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. जेएस पूनिया ने चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में गिरावट से हृदय और रक्तचाप से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में बुजुर्गों को नियमित दवाइयों का सेवन करने और स्वास्थ्य की निगरानी रखने की जरूरत है। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए सिर, कान और गले को ढककर रखने की सलाह दी गई है। ग्रामीण इलाकों में अलाव और हीटर का उपयोग बढ़ा है।

### धुंध के कारण ट्रेनें लेट

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रूट पर सुबह थोड़े कोहरे और पंजाब व गाजियाबाद में इंटरलॉकिंग कार्यों के चलते ट्रेनों की रफ्तार धीमी रही। दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनों का रविवार को परिचालन निर्धारित समय के बजाय 8 घंटे तक की देरी से हुआ। लंबी दूरी की एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनों के देरी से आने के कारण सवारी गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। फिरोजपुर मंडल के अमृतसर, दिल्ली मंडल के गाजियाबाद यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर अप-डाउन लाइन की एक्सप्रेस ट्रेनों को 8 घंटे तक की देरी से सोनीपत पहुंची। यात्री नरेश कुमार, नरेंद्र, मोहन, नितिन ने बताया कि ठंड के चलते एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है।

## क्यूआर कोड साउंड बॉक्स ठीक करने का झांसा देकर सब्जी विक्रेता से ठगी

### फोन लेकर सिम से छेड़छाड़ कर वारदात, दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

थाना राई क्षेत्र में क्यूआर कोड साउंड बॉक्स ठीक करने और बदलने के नाम पर सब्जी विक्रेता से बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस घटना में आरोपितों ने चालाकी से पीड़ित का मोबाइल फोन लेकर तकनीकी बहाने बनाए और उसके खाते से 2 लाख 23 हजार 220 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार नंदलाल, जो जठेड़ी रोड पर सब्जी की रेहड़ी लगाता है, के क्यूआर कोड साउंड बॉक्स में आवाज नहीं आ रही थी। इसी का फायदा उठाकर दो युवक स्कूटी पर आए और खुद को स्कैनर ठीक करने वाला बताने लगे। उन्होंने फोन पे का साउंड बॉक्स और पीड़ित का मोबाइल फोन लेकर कंपनी को मैसेज भेजने की बात कही। इसके बाद चार्ज करने के बहाने पीड़ित को वहां से भेज दिया गया। आरोपितों ने इस दौरान फोन में ऐसे मैसेज और सेटिंग कीं, जिससे सिम और खाते की जानकारी उनके नियंत्रण में चली गई। पीड़ित के अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए उन्होंने अंग्रेजी मैसेज दिखाकर भरोसा दिलाया और नया डिब्बा भेजने का आश्वासन देकर फरार हो गए। अगले दिन सिम दोबारा चालू होते ही खाते से बड़ी रकम निकलने का पता चला। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर योगेन्द्र और हरेन्द्र को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान धोखाधड़ी के पूरे नेटवर्क को खंगाला जाएगा।



■ पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर योगेन्द्र और हरेन्द्र को गिरफ्तार किया



## सांस्कृतिक विरासत

हरियाणा के हिसार जिले में स्थित प्राचीन राखीगढ़ी एक महत्वपूर्ण सिंधु घाटी सभ्यता का स्थल है। यह भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा हड़प्पा स्थल है। इसे अब तक के सबसे बड़े ज्ञात नगरों में से एक माना जाता है, जहाँ प्राक्-हड़प्पा और परिपक्व हड़प्पा काल के प्रमाण मिलते हैं। इससे यह प्राचीन भारतीय सभ्यताओं की समझ के लिए महत्वपूर्ण है और इसे एक प्रतिष्ठित पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# पारिवारिक संबंधों की सुदृढ़ नींव है पर्व 'संकरात'

**मकर संक्रांति का पर्व हरियाणा ही नहीं अपितु समस्त भारत में विभिन्न रूपों तथा नामों से मनाया जाता है। हरियाणा में इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में तीर्थ स्नान कर तिल-गुड़, तेल, आटा तथा रूई आदि दान करने का महत्व है जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है। लोक मान्यता के अनुसार स्नान-दान से संक्रांति काल का दु:प्रभाव नष्ट हो जाता है। पहले समय में हरियाणा में इस दिन सभी स्त्री-पुरुष, बाल-अबाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करते थे। जो सबसे पहले नहाने का सौभाग्य प्राप्त करता है, उसे 'परबी लूट' लेने का श्रेय मिलता है।**

पर्व

**डा. रमाकांता**





हरियाणा प्रदेश को पर्व-व्रतों का प्रदेश होने का भी गौरव प्राप्त है। यहां त्योहारों को प्रदेश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान प्राप्त है। सप्ताह के सातों दिन पर्व अथवा व्रत के रूप में मनाए जाते हैं। एक महीने में कृष्ण पक्ष तथा शुक्ल पक्ष, दो एकादशी, एक पूर्णिमा, एक अमावस्या व्रत होते हुए भी यहां पर्व तथा व्रतों की लम्बी श्रृंखला है, जिनमें कुछ पर्व ऋतु प्रधान हैं तथा कुछ ऋतु परिवर्तन पर आयोजित किए जाते हैं। ऋतुओं में सामण-फागण, तीज, होली तथा दुलेहन्डी प्रमुख हैं। इसी प्रकार ऋतु परिवर्तन के आधार पर मनाए जाने वाले पर्वों में बसन्त पंचमी तथा मकर संक्रांति (संकरात) विशेष रूप से जनमानस में मनाए जाते हैं। हरियाणा प्रदेश में मकर संक्रांति को स्नान-दान, पूजा तथा अर्चना करने के रूप में मनाया जाता है। संक्रांति का अर्थ है एक राशि का दूसरी राशि में प्रवेश करना। यह एक ज्योतिषीय आधारित भूगोलीय परिवर्तन होता है जिसका प्रभाव पर्यावरण पर भी पड़ता है। पर्यावरण तथा प्राकृतिक परिवर्तन का प्रभाव जनमानस के जीवन पर पड़ना भी स्वाभाविक है। इस स्थिति को सन्धि अथवा संक्रांतिकाल कहा जाता है। सूर्य, पृथ्वी लोक का प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। छह मास तक सूर्य उत्तरायण में तथा छह मास दक्षिणायन में होता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में मकर राशि में आ जाता है। इसे पृथ्वी पर लोकमान्यता के अनुसार सूर्यसंक्रमण कहा जाता है। सूर्य की गतिनिर्धारित है इसलिए इनकी तिथियां भी निश्चित होती हैं। केवल लीप वर्ष में एक दिन का अन्तर पड़ जाता है।

मकर संक्रांति के दिन को पुराणों में महत्वपूर्ण माना गया है। इस समय देह त्यागने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाभारत में भीष्म पितामह ने शरशय्या पर उत्तरायण की कई दिनों तक की प्रतीक्षा की थी तथा उत्तरायण में ही इच्छा-मृत्यु प्राप्त की थी। 'संकरात' पर्व हरियाणा प्रदेश की लोक संस्कृति की ऐसी धरोहर है जो भविष्य में कभी लुप्त नहीं होगी। समय के कालचक्र का कई पारिवारिक तथा सामाजिक संस्कार ग्रास बन गए किन्तु मकर संक्रान्ति पर हरियाणा के प्रायः सभी वर्गों में घर-परिवार के बड़े-बुजुर्गों को मनाने अर्थात मान-सम्मान देने की पीढ़ी-दर-पीढ़ी परम्परा आज भी जीवित है। हरियाणा प्रदेश के पर्वोत्सवों की यह विशेषता है कि प्रत्येक त्योहार किसी न किसी मानवीय, पशु जीवों, देवी-देवताओं से संबंध रखता है। उदाहरण के लिए सावन बहू-बेटी के मान के लिए, 'देवोठनीग्यास' देवों के जागने, 'तुलसी विवाह', वनस्पति सम्मान, 'गोवर्धन', 'गोपाष्टमी', गऊ संवर्धन के लिए, 'रक्षाबंधन' भाई-बहन के लिए, होली के लिए, पिता-पुत्र के संबंधों, गूंगा नवमी, सर्पों की पूजा इत्यादि निश्चित हैं। इसी श्रृंखला में संकरात का महत्त्व और भी बढ़ जाता है।

इस पर्व का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि प्राचीन संयुक्त परिवार के दर्शन इनके निर्वहन में हो जाते हैं। परिवार में छोटे-बड़े की गरिमा का पूरा ध्यान रखा जाता है। एक दादा की वंशावली में 'प्रोटोकोल' का पूरा ध्यान रखकर यह पर्व मनाया जाता है। जैसे दादसरा, दादस, तायसरा, तायस, पित्तस, मौसस, फूफस आदि। यह पर्व सारे परिवार के सदस्यों को एक सूत्र में बांधने की परम्परा को दर्शाता है। दूसरा लाभ यह भी होता है कि यदि परिवार में किसी प्रकार का मन-मुटाव भी हो तो वह भी एक ही झटके में दूर हो जाता है। सभी इकट्ठे होकर हर्षोल्लास से संकरात मनाते हैं। बुजुर्गों के मनाने के लिए जाते समय महिलाएं वस्त्र, मिठाई, फलादि लेकर जाती हैं। जिस पुरुष अथवा महिला को मान-सम्मान देना होता है, उसे आदरपूर्वक चारपाई-कुर्सी पर बिठाकर, पांव छूकर सारा सामान, मान राशि सहित सौंप दिया जाता है। उसे बदले में बुजुर्ग से ढेर सारे आशीर्वाद मिलते हैं। परिवार के सभी सदस्य मिलकर भोजन तथा मीठे व्यंजनों का आनन्द लेते हैं।

**बुजुर्गों के मनाने के लिए जाते समय महिलाएं वस्त्र, मिठाई, फलादि लेकर जाती हैं। जिस पुरुष अथवा महिला को मान-सम्मान देना होता है, उसे आदरपूर्वक चारपाई-कुर्सी पर बिठाकर, पांव छूकर सारा सामान, मान राशि सहित सौंप दिया जाता है। उसे बदले में बुजुर्ग से ढेर सारे आशीर्वाद मिलते हैं। परिवार के सभी सदस्य मिलकर भोजन तथा मीठे व्यंजनों का आनन्द लेते हैं।**

मकर संक्रांति का पर्व हरियाणा ही नहीं अपितु समस्त भारत में विभिन्न रूपों तथा नामों से मनाया जाता है। हरियाणा में इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में तीर्थ स्नान कर तिल-गुड़, तेल, आटा तथा रूई आदि दान करने का महत्व है जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है। लोक मान्यता के अनुसार स्नान-दान से संक्रांति काल का दुःप्रभाव नष्ट हो जाता है। पहले समय में हरियाणा में इस दिन सभी स्त्री-पुरुष, बाल-अबाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करते थे। जो सबसे पहले नहाने का सौभाग्य प्राप्त करता है, उसे 'परबी लूट' लेने का श्रेय मिलता है। स्नान गांव के तालाब अथवा नदी या कुएं पर किया जाता था क्योंकि सबका तीर्थ स्नान करना संभव नहीं होता था। इसके बाद सभी युवा मिलकर गांव की गलियों तथा मैदानों की सफाई करते थे तथा कूड़ा-कर्कट (घास-फूस लकड़ी) आदि एक स्थान पर एकत्रित कर देते थे। उस कूड़े को जला कर सभी इर्द-गिर्द बैठकर आग सेंकते थे तथा ठंड कम करते थे। हमें अपने पूर्वजों पर गर्व होता है कि उन्होंने प्रत्येक पर्व के आयोजन के पीछे स्वस्थ और पर्यावरण की शुद्धि का विचार पहले रखा। संभवतः संकरात पर सफाई करने की योजना से प्रभावित होकर ही वर्तमान में स्कूलों व कॉलेजों में एनएसएस स्कीम चालू की गई होगी। गांव की सामूहिक सफाई, एक ही दिन, सबके द्वारा करने का इतना सटीक व सुन्दर उदाहरण किसी अन्य संस्कृति में मिलना संभवतः दुर्लभ है। संक्रांत के दिन एक पंथ दो काज सिद्ध होते हैं। एक तो सारे गाँव की सफाई, श्रम की बचत, दूसरा सामुदायिक एकता तथा सुदृढ़ भाईचारे की अभिव्यक्ति। इसके पश्चात् सब मिलकर गुड़-तिल का बना मिष्ठान ग्रहण करते हैं तथा सबमें बांटते हैं। आज भी यह प्रथा कहीं-कहीं प्रचलित है। इस दिन महिलाएं स्नानादि से निवृत्त होकर पीपल, बड़ तथा तुलसी की पूजा करती हैं तथा उनमें सम्बन्धित भजन तथा गीत गाती हैं। बड़ को अक्षय सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। सावित्री ने भी अपने पति के जीवनदान के लिए बड़-पूजन किया था। एक गीत इस प्रकार गाया जाता है -

*तैं चैड़ा चिकणा, तैं विरमा का पूत*
*तेरी डाली सींच के सदा पावैं हम सुख*

इस दिन महिलाएं घर में बढ़िया स्वादिष्ट भोजन बनाकर ब्राह्मणों को दान करती हैं। कभी-कभी भोज्य सामग्री जिसे जनभाषा में 'सिद्धा' कहा जाता है, मन्दिरों अथवा ब्राह्मणों को दान किया जाता है। इस दिन डेरों तथा मंदिरों में भंडारे भी लगाए जाते हैं जिसमें खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद बांटा जाता है। इस दिन खिचड़ी कबनाने के सन्दर्भ में त्रेतायुग की एक घटना प्रासंगिक है जो आज भी जनमानस में कही सुनी जाती है। इस घटना का सम्बन्ध गुरु गोरखनाथ से है।

### पौराणिक कथा में है वर्णन

गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) गोरखनाथ की तपस्थली है। एक पौराणिक कथा के अनुसार त्रेतायुग में गोरखनाथ भ्रमण करते-करते हिमाचल प्रदेश के 'ज्वालाजी' स्थान पर गए। वहां उन्हें महामाया ज्वालाजी ने भोजन पर आमंत्रित किया, किन्तु गोरखनाथ ने मांसाहार ग्रहण करने से इनकार कर दिया। उन्होंने ज्वालाजी को आग जलाकर तैयार रहने को कहा तथा स्वयं भिक्षा लेकर शीघ्र लौटने की कहकर भिक्षाटन हेतु चले गए। वे अनेक तीर्थों पर गए और अन्त में इरावती नदी के किनारे एक रमणीय स्थान पर एकान्त में तपस्या में लीन हो गए। यह वही स्थान है जहां आज गोरखपुर है। गोरखनाथ फिर कभी वापस ज्वालाजी नहीं गए। गोरखनाथ वहीं सरोवर तट पर एक आसन पर धूना लगाकर बैठ गए। गोरखनाथ की तपःस्थली के आस-पास की जनता में शीघ्र ही यह बात फैल गई कि एक तपस्वी खिचड़ी की भिक्षा लेने हेतु तपोवन में आए हुए हैं। सभी उनके भिक्षा पात्र (खप्पर) में खिचड़ी डालने लगे तथा दर्शन करने लगे। लोगों को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि असंख्य लोगों द्वारा खप्पर में खिचड़ी डालने पर भी खप्पर सदैव खाली रहता। जनता यह जान चुकी थी कि तपस्वी कोई साधारण पुरुष नहीं अपितु कोई चमत्कारी, सिद्ध व दिव्य पुरुष हैं। एक दिन गोरखनाथ ने स्वयं अपने हाथों से खिचड़ी बनाई तथा प्रसाद रूप में जनता को बांटने लगे। असंख्य लोग उस प्रसाद को ग्रहण करते किन्तु खप्पर फिर भी भरा ही रहा। यह चमत्कार मकर संक्रांति को हुआ। यह उपक्रम निरन्तर चालू रहा तथा आगे चल कर इस दिन विशेष मेला भी भरने लगा। गोरखनाथ ने जनता को इच्छानुसार बोरियाँ भरकर खिचड़ी ले जाने को कहा। खप्पर से असंख्य लोग खिचड़ी ले गए किन्तु खप्पर यथावत भरा ही रहा। आज भी गोरखपुर में उसी परम्परा का निर्वहन हो रहा है तथा प्रति वर्ष मकर संक्रांति को यहां पर भव्य खिचड़ी (खिच्चड़) मेला आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर भक्तजन दाल, चावल की खिचड़ी का चढ़ावा चढ़ाते हैं तथा अपनी मन्नत पूरी होने की कामना करते हैं। निसंदेह आस्थावान व्यक्तियों की सभी कामनाएं इस धूने पर मत्था टेकने से पूर्ण होती हैं। इस स्थान को धर्मनाथ पंथ (बारह पंथ में एक पंथ) का 'मथ्या टेक' भी कहा जाता है।

संकरात पर अपने घर के बुजुर्गों को 'मनाने के लिए' जाते समय महिलाएं जकड़ी गीत गाती हुई जाती हैं। उदाहरण स्वरूप जकड़ी गीत दृष्टव्य है-

*सास मनै राजी बोलिए, राजी बोलिए*
*मां-बाप छोड़ कै आई*
*बहु ए तनै राजी बोलूं ना, राजी बोलूं ना*
*मेरी धुर की तील ना ल्याई*
*रे बहु जगाई जागी कोन्या आपे चाकी झोई*
*पीस छाण कै चढ़ी चुबारे, फिर बी सूती पाई।*

---

गीत | **त्रिलोक चंद फतेहपुरी**



## अनेकता में एकता

अनेकता मैं एकता, या देख हिंदुस्तान मैं ।
जात धर्म रंग रूप सभ, मिलै एक मिजान मैं ।।

हर प्रदेश की भाषा न्यारी कई ढाळ की बोली सै ।
म्हारी हिंदी सभ भाषा की बण कै रही बिचौली सै ।
गाम शहरां की हमजोली सै, हरदम रहती ध्यान मैं ।
अनेकता मैं एकता, या देख हिंदुस्तान मैं ।।

तीज -त्यौहार बरत -बड़ूले सभ के न्यारे न्यारे
कला संस्कृति रीति -रिवाज फैशन के अलग नजारे
एक दूजे के बने सहारे सुख दुःख के दरमियान मैं ।
अनेकता मैं एकता, या देख हिंदुस्तान मैं ।।

अपणे-अपणे खाण-पाण का लोग लेय चटखारा
मकई बाजरा लिट्टी चोखा इडली डोसा प्यारा
चावल खावै देश यो सारा, मजा मिले मिष्ठान मैं ।
अनेकता में एकता , या देख हिंदुस्तान में।।

कश्मीर से कन्याकुमारी चौपाटी से गौहाटी
वसुधैव कुटुंबकम की निभा रहे परिपाटी
भारत माता की माटी पावन पुनीत विधान मैं ।
अनेकता मैं एकता या देख हिंदुस्तान मैं ।
जात धर्म रंग रूप सभ मिले एक मिजान मैं ।।

---

लघुकथा | **जयदेव राठी**



## बुजुर्ग की सीख

गाम मैं एक बुजुर्ग आदमी रहै था। उसका नाम था रामसिंह। बुजुर्ग कै धौरै घणी जमीन थी, उनका एक ही बेटा था - धर्म सिंह।

धर्म सिंह बड़ा तेज था। पढ़ाई-लिखाई में होशियार तो था ए, पर उसनै घर के काम-धंधे का कुछ ना आवै था। ना उसनै खेत मै आणा जाणा पडा करता, ना ही उसनै न्यू बेरा था कि खेती क्यूकर करां करै सैं ।

एक दिन रामसिंह नै धर्म सिंह तै कहया, 'बेटा, तू पढ़-लिख ल्यो तो बोहत अच्छी बात सै, पर जमीन तै जुड़ना भी जरूरी सै। चल मेरे गेल्यां खेत्तां मैं।'

धर्म सिंह नै मन मसोस कै हां कर दी। रामसिंह उसनै खेत्तां में ले ग्या सारा दैन उन्नै धर्म सिंह ताईं मिट्टी, पाणी, फसल, अर मौसम के बारै मै बताया।

धर्म सिंह नै सोच्या, 'यो सब तो बोहत आसान काम सै।' पर जब उसनै खुद हळ चलाण की कोशिश करी, तो उसकै हाथ मै छाळे पड़ गे।

रामसिंह मुस्कराया अर बोल्या, 'बेटा, किताबी ज्ञान अर धरती का ज्ञान दोन्नु जरूरी होवैं सैं। एक बिना दूसरै कै अधूरा सै।

उस दैन तै धर्म सिंह रोज थोड़ा-थोड़ा खेत्तां में काम करण लाग ग्या । उसनै समझ आ गी के असली ताकत तो मेहनत अर धरती तै जुड़े रहण मै सै।

आज धर्म सिंह एक बड़ा अफसर सै, पर उसकै घर मैं उसकी अपणी छोटी-सी बगिया सै जित वो अपणे हाथ्थां तै सब्जी उगावै सै। बाबा की सीख उसनै हमेशा याद रहवै सै।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

विरासत

**यहाँ मिले 'हाकड़ा वेयर' संस्कृति के अवशेष इसे सरस्वती घाटी की सभ्यता से सीधे जोड़ते हैं**

# करवट लेता इतिहास है हिसार जिले का 'राखीगढ़ी'



सभ्यता | **दिनेश शर्मा 'दिनेश'**

हमें स्कूलों में यही पढ़ाया गया कि हमारी प्राचीनता के प्रमाण 'हड़प्पा' और 'मोहनजोदड़ो' विभाजन के बाद पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। भारतीयों के मन में एक कसक थी कि सिंधु घाटी सभ्यता की धड़कन सीमा के उस पार है, लेकिन हरियाणा के हिसार जिले के 'राखीगढ़ी' गाँव ने इस धारणा को अब पूरी तरह से बदल दिया है। माना जा रहा है कि हड़प्पा सभ्यता का शरीर भले ही पाकिस्तान में हो, लेकिन उसकी 'आत्मा' यानि उसकी 'राजधानी' हरियाणा की माटी में दबी हुई है।

पुरातत्व की दुनिया में राखीगढ़ी ने एक नई अवधारणा स्थापित कर दी है। ढेक्कन कॉलेज, पुणे के विख्यात पुरातत्व विशेषज्ञ प्रो. वसंत शिंदे और हरियाणा पुरातत्व विभाग के संयुक्त शोध ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह कोई सामान्य बस्ती नहीं थी। जहाँ हम हड़प्पा और मोहनजोदड़ो का गुणगान करते थे, वहीं राखीगढ़ी का फैलाव लगभग 5500 हेक्टेयर क्षेत्र में था। यह आँकड़ा इसे सिंधु-सरस्वती सभ्यता का सबसे विशाल नगर घोषित करता है। समय के पहिये को पीछे घुमाएं, तो कार्बन डेटिंग बताती है कि आरजीआर-6 से प्राप्त अवशेष 6500 वर्ष पुराने हैं। इसका मतलब यह हुआ कि जब मिस्र और मेसोपोटामिया की सभ्यताएं शैशवावस्था में थीं, तब हरियाणा के मैदानों में एक उन्नत समाज सांस ले रहा था। राखीगढ़ी की खुदाई में मिले साक्ष्य हमें उस दौर की 'इंजीनियरिंग' और 'लग्जरी' से रूबरू कराते हैं। यहाँ नियोजित सड़कें और गलियाँ मिली हैं, जिनकी चौड़ाई मुख्य मार्गों में अधिक तथा आवासीय क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम थी। ये राजस्थान के कालीबंगा की सड़कों से भी अधिक चौड़ी हैं। यह इस बात का सबूत है कि यहाँ व्यापार और आवागमन भारी मात्रा में होता था। खुदाई में यहाँ तांबे के औज़ार,



टेराकोटा की प्रतिमाएँ, मनके तथा सोने-चाँदी के आभूषण प्राप्त हुए हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि राखीगढ़ी एक समृद्ध व्यापारिक केंद्र था। यहाँ के लोग कला-प्रेमी थे और उनका जीवन स्तर बहुत ऊंचा था। उपलब्ध साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि यहाँ आभूषणों का उपयोग और संभवतः निर्माण होता था, जबकि धातु-प्रसंस्करण के कुछ चरण अन्य हड़प्पा केंद्रों से जुड़े रहे होंगे। राखीगढ़ी का सबसे रोमांचक पहलू वह है, जो जमीन के नीचे सोया हुआ है। यहाँ कुल 9 टीले हैं। खुदाई के दौरान विशेषकर आरजीआर-7 में ऐसे कंकाल मिले हैं जो हमारे पूर्वजों की कहानी सुनाते हैं। सबसे अद्भुत खोज लकड़ी के ताबूत में मिला एक कंकाल है। 5000 साल पहले लकड़ी के ताबूत में अंतिम संस्कार करना एक विशिष्ट प्रथा थी, जो संभवतः किसी कुलीन या महत्वपूर्ण व्यक्ति के लिए अपनाई जाती होगी। इन कब्रों पर छतरियां बनाने की प्रथा के भी संकेत मिले हैं। कंकालों का सिर उत्तर दिशा की ओर रखा गया था और उनके पास खाने-पीने के बर्तन रखे गए थे, जो यह बताते हैं कि वे लोग मृत्यु के बाद के जीवन में भी विश्वास रखते थे। अब इन अवशेषों का डीएनए विश्लेषण यह राज खोलेगा कि 5500 वर्ष पूर्व लोगों की शारीरिक संरचना और खान-पान कैसा होता होगा।

**वास्तव में राखीगढ़ी के टीले महज मिट्टी के ढेर नहीं हैं; ये हमारे स्वाभिमान के स्तंभ हैं। यह महोत्सव और यहाँ चल रहा शोध कार्य आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाता रहेगा कि सभ्यता का सूर्य पश्चिम से नहीं, बल्कि भारत की इसी धरती से उदित हुआ था। डॉ. चंद्र त्रिखा के शब्दों में कहें तो, विसंगतियों से भरे इस उपमहाद्वीप में, राखीगढ़ी ने हमें हमारा खोया हुआ गौरव लौटा दिया है।**

इतिहासकार इस बात पर सहमत हैं कि यह शहर अब विलुप्त हो चुकी सरस्वती, दृषद्वती और उसकी सहायक नदियों के प्रवाह क्षेत्र में बसा था। यहाँ मिले 'हाकड़ा वेयर' संस्कृति के अवशेष इसे सरस्वती घाटी की सभ्यता से सीधे जोड़ते हैं। यहाँ पानी की निकासी के लिए पक्की नालियां और सोख्ता गड्ढे मिले हैं, जो बताते हैं कि वे जल-संरक्षण और स्वच्छता के प्रति कितने जागरूक थे। मई 2012 में जब 'ग्लोबल हेरिटेज फंड' ने राखीगढ़ी को एशिया के उन 10 विरासत स्थलों में शामिल किया, जिनके नष्ट होने का खतरा था, तो यह एक चेतावनी थी। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। हाल ही में आयोजित 'राखीगढ़ी महोत्सव' में लाखों लोगों ने शिरकत की और अपनी आँखों से 5000 साल पुरानी दीवारों को देखा। हरियाणा सरकार ने इस स्थल के संरक्षण और विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक अनुदान घोषित किया है। यहाँ एक विश्व स्तरीय संग्रहालय और शोध केंद्र बन रहा है, जिसकी देखरेख का दायित्व हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी को सौंपा गया है।

---

# नाकामियों से डरना नहीं चाहिए : सुशील दहिया

कलाकार | **डॉ. तबस्सुम जहां**



पिंक फिल्म के रंजीत शेरावत, 'रॉक स्टार' के कॉप, 'नो वन किल्ड जैसिका' के आरडी सर, 'थप्पड़' फिल्मके रोमेश सबरवाल, 'बैंड बाजा बारात' फिल्म के ब्रिगेडियर, 'तलवार' के लॉयर, 'मुखबिर' फिल्म के हिदायत अली, 'रेड 2' के चीफ़ मिनिस्टर व 'गोल्ड' के बलदेव सिंह का प्रमुख किरदार निभाने वाले सुशील दहिया अभिनय की दुनिया में अपनी सशक्त पहचान बना चुके हैं।

इन्होंने बॉलीवुड में अमिताभ बच्चन, इरफ़ान खान, सैफ अली खान, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, रणदीप हुड्डा, प्रकाश राज, विद्या बालन, अनुष्का शर्मा, जैसे नामी कलाकारों के साथ काम करके अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। बता दें कि अभिनेता सुशील दहिया हरियाणा की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली उन गिनी-चुनी शख्सियतों में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि विदेशी फिल्मों में भी नाम कमाया है। अपनी ग़ज़ब की अंग्रेज़ी बोलचाल की शैली और अभिनय के कारण इनको हरियाणा के 'सईद जाफ़री' के नाम से भी जाना जाता है। सुशील दहिया का अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के स्तर तक पहुंचने का सफर बहुत अच्छा रहा। इसमें उन्हें कुछ चैलेंज ज़रूर आए पर जल्द ही उन्होंने उन पर क़ाबू पा लिया। हालांकि, जिस दौर में वह अभिनय की दुनिया में आए, उस समय हरियाणा में इतना काम नहीं हो रहा था। चूँकि उनकी शुरुआत दिल्ली में रंगमंच से हुई थी, इसलिए





हरियाणा में काम की कमी से उन पर ज़्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ा। सुशील ने नेशनल व इंटरनेशनल दोनों स्तर पर काम किया है और अपनी बुलंदी के झंडे भी गाड़े हैं। इनका मानना है कि दोनों में ही मूलभूत अंतर है। अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन वेल्यूज़ बिल्कुल अलग हैं। वहां उच्च दर्जे की प्रोफेशनलिज्म मिलती है। कोई बड़ा छोटा एक्टर नहीं, बल्कि सभी को तक़रीबन एक समान सम्मान मिलता है। इसके विपरीत राष्ट्रीय लेवल में "लीड कास्ट" का वातावरण होता है। हरियाणवी सिनेमा जगत के संदर्भ में ये मानते हैं कि हरियाणा में बेशक सिनेमा की ज़मीन तैयार हो गई है लेकिन निर्माता और दर्शकों की कमी के मामले में यहाँ काफ़ी काम किए जाने की ज़रूरत है। दर्शकों को अगर अच्छा सिनेमा देखने को मिलेगा तो वो इससे जुड़ जाएंगे। अब शायद हरियाणा प्रोड्यूसर्स को ऐतिहासिक कहानियों से आगे सामाजिक, आधुनिक परिस्थितियों पर सोच-विचार करना चाहिए। सुशील दहिया ने कई विदेशी फिल्मों में काम किया है लेकिन वह अपनी पृष्ठभूमि के लिए भी काम करना चाहते हैं। इसके लिए वह तीन साल से कोशिश कर रहे हैं। स्वयं सुशील दहिया के शब्दों में- 'मैं चाहता हूँ कि हरियाणा में काम मिले। कोई यूँ कह के टाल देता है कि महंगे होंगे, कोई यूँ कहकर कि इतना ज़्यादा अनुभव नहीं चाहिए। मगर बात कोई नहीं करता और मुझसे डायरेक्ट बात किए बगैर ही दूर रहतें हैं।' कैरियर के शुरुआती दौर के संदर्भ में उन्होंने बताया कि उनकी सबसे ज्यादा मदद उनके ख़ुद के अनुशासन ने की। इसके अलावा कई अच्छे लोगों ने भरपूर मदद की, पर किसी व्यक्ति विशेष का नाम लेना उचित नहीं हैं। सबसे ख़ास बात यह है कि अभिनय के क्षेत्र में इतना अच्छा करने पर भी अभिनय का इन्होंने कोई ख़ास प्रशिक्षण नहीं लिया। बस स्कूल और कॉलेज में जो सीखा, वही उनके काम आ रहा है। इसलिए वह अनुभव को ही अपने अभिनय के प्रशिक्षण के तौर पर देखते हैं। यही वजह है कि बॉलीवुड में इनके पास काम की कोई कमी नहीं है और इन्होंने आने वाले समय में भी कई अच्छ-अच्छे प्रोजेक्ट साइन किए हैं। इसके बावजूद सुशील हरियाणवी सिनेमा के प्रति अपने ज़ज्बे को बरकरार रखते हुए उसमें भी एक अभिनेता के रूप में काम करना चाहते हैं। बॉलीवुड में अभिनय के जो सशक्त हस्ताक्षर हैं, उनमें अधिकांश के साथ इनको काम करने का अवसर मिला है।

**हरियाणा में सिनेमा के क्षेत्र में आगामी पीढ़ी को वह संदेश देते हैं कि उन्हें मेहनत से नहीं डरना चाहिए और न ही अपनी नाकामियों से। जब कामयाबी मिल जाए तो अपने पैर ज़मीन पर ही रखने चाहिए। सदा सैट पर अपनी पूरी तैयारी के साथ जाना चाहिए। सैट पर सभी की इज़्ज़त करना चाहिए और भाव नहीं खाना चाहिए।**

## खबर संक्षेप



### स्कॉलरशिप प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**सोनीपत।** सोनीपत स्थित गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में एचआरएम "संकल्प स्कॉलरशिप प्रोग्राम" के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा में 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन दो स्लॉट्स में किया गया। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी कक्षा एवं योग्यता के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा के साथ-साथ विद्यालय परिसर में अभिभावकों के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित किया गया।

### सनपेड़ा के राजकीय स्कूल में 34 लाख से बने पुस्तकालय भवन व कमरों का शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

# प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कर रही कार्य

■ आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह नया भवन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व विधायक देवेंद्र कादियान ने रविवार को सर्व शिक्षा अभियान के तहत गांव सनपेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन कमरों एवं पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया। करीब 34 लाख रुपये की लागत से निर्मित इन भवनों को उन्होंने अनावरण कर विद्यार्थियों को समर्पित किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह नया भवन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराएगा, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। शिक्षा मंत्री ने



गन्नौर। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक देवेंद्र कादियान का सनपेड़ा सरपंच प्रमोद ढाका व सुनील ढाका सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बताया कि बुनियाद और सुपर-100 जैसे कार्यक्रमों से सरकारी स्कूलों की शैक्षिक व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभिक स्तर से ही स्कूलों में कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों से विज्ञान संकाय के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ी है, जो 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत आधार सिद्ध होगा। कार्यक्रम में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि युवा सम्मान कार्यक्रम से छात्रों में शिक्षा के प्रति लगाव बढ़ा है। उन्होंने विद्यालय में आडिटोरियम, ई-लाइब्रेरी तथा उमेदगढ़ स्कूल को अपग्रेड करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। शिक्षा मंत्री ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, एसडीएम प्रवेश कादियान, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, खंड शिक्षा अधिकारी आजाद दहिया, प्राचार्य सुशील राठी, गांव के सरपंच प्रमोद ढाका, सुनील ढाका , संदीप ढाका , प्राध्यापक जगबीर सिंह, आदि मौजूद रहे।

#### छात्रा प्रिंसी को किया सम्मानित

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने दसवीं कक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रिंसी को सम्मानित किया। छात्रा ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम और राज्य स्तर पर छठा स्थान हासिल किया था। उसने तीन विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। मंत्री ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सिक्का कॉलोनी में भक्ति, संकीर्तन और रामचरितमानस प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत की ओर से शनिवार को सुंदरकाण्ड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं रामकथा का आयोजन सिक्का कॉलोनी स्थित वेद प्रकाश जगिया के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने रामचरितमानस के सीता स्वयंवर संवाद पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिव धनुष भंग के पश्चात राम और सीता के बीच पुष्प वाटिका में हुआ प्रथम मिलन, एक-दूसरे के प्रति दिए गए वचन और मर्यादा भाव रामकथा का महत्वपूर्ण पक्ष है। स्वयंवर के दौरान परशुराम, लक्ष्मण और जनक के संवाद से राम-सीता के भविष्य के दांपत्य जीवन की नींव स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। पवन सहगल, श्याम रहेजा, सूरजकांत, महेश पांडे, ललित, मुकेश आनंद, दिनेश, संजय रामनिवास, रमनकांत, मेहर चंद, वेद प्रकाश, बबीता, धीरज, मनोज और भूषण सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल में युवाओं ने लिया हिस्सा

■ साई बहालगढ़ में माई भारत की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र (साई), बहालगढ़ में रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस पहल में माई भारत के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और साइकिलिंग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साई के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. शिवम शर्मा ने की, जबकि माई भारत की ओर से जसबीर अहलावत




सोनीपत। साइकिलिंग करते युवा। फोटो : हरिभूमि

विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर माई भारत के स्वयंसेवक मनोज सभरवाल ने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती निष्क्रियता के कारण साइकिलिंग आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। साइकिल चलाना न केवल शरीर को फिट रखने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि छोटी दूरी के लिए वाहनों का अत्यधिक प्रयोग प्रदूषण बढ़ा रहा है, जबकि साइकिल अपनाकर लोग स्वस्थ शरीर के साथ स्वच्छ वातावरण की दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं।कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने साइकिलिंग के जरिए स्वस्थ जीवन, सक्रिय दिनचर्या और प्रदूषण मुक्त समाज का संदेश दिया। इस दौरान फिटनेस को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया गया। आयोजन में कोच ललित, नीरज, सुनील, दीपक, आयुष, गौरव, उमेश, पुनीत, विनीत आदि उपस्थित रहे।

#### खेलों के माध्यम से समाज को जागरूक कर रहा साई

समापन अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक डॉ. शिवम शर्मा ने कहा कि साई का उद्देश्य केवल ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को गौरवान्वित करना ही नहीं है, बल्कि खेलों के माध्यम से समाज में स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित वातावरण का निर्माण करना भी है। उन्होंने युवाओं से खेलों और फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया तथा समाज में सकारात्मक पहल के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## न्यूज डायरी

### निर्माणाधीन जाट भवन के लिए 11 लाख रुपये का दान



**गोहाना।** बरोदा हलका क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) ने रविवार को गोहाना के सेक्टर-7 में निर्माणाधीन जाट भवन के लिए 11 लाख रुपये का दान दिया। विधायक ने कहा कि यह भवन भविष्य में सामाजिक एकता व समरसता का केंद्र बनेगा। विधायक ने भवन निर्माण में निरंतर अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। गोहाना जाट महासभा द्वारा सेक्टर-7 में जाट भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद सामाजिक कार्यों के लिए इस भवन का उपयोग किया जा सकेगा। इस अवसर पर महासभा के प्रतिनिधि विनोद सहरावत, ठेकेदार राजबीर, सचिव वीरेंद्र दूहन, संदीप मलिक, प्रदीप मलिक, नरेंद्र नेहरा, संजय दूहन, संतराज मान, कर्ण सिंह लाठर, कृष्ण मलिक, पहलवान बिजेंद्र लठवाल, अमित भैंसवाल और निपुण सहरावत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गंगा समग्र की हुई बैठक, संगम के लिये बनाई योजना



**सोनीपत।** गंगा-समग्र सोनीपत जिला की बैठक राम कृष्ण मिशन आश्रम मुरथल में जिला संयोजक सुनील भोला (नाथुपुर) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिस में सभी कार्यकर्ताओं को जलतीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए कार्य करने का संकल्प कराया गया। गंगा-समग्र के 6, 7 एवं 8 फरवरी को आईआईटी वर्ल्ड स्कूल पीतमपुरा दिल्ली में प्रस्तावित राष्ट्रीय कार्यकर्ता संगम में अपेक्षित और समापन समारोह में अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। प्रांत में भारत शर्मा को वृक्षारोपण, मनीष राई को सह सम्पर्क प्रमुख तथा पूनम शर्मा को सह प्रचार आयाम प्रमुख बनाया गया। सुखदेव शर्मा को अम्बाला जिला संयोजक तथा सुरेन्द्र कौशिक को सोनीपत का जल निकास आयाम प्रमुख सहित अन्य कार्यकर्ताओं की घोषणा हुई। बैठक मे राष्ट्रीय सह सम्पर्क प्रमुख गिरीश चतुर्वेदी, हरियाणा प्रान्त संयोजक सतपाल शर्मा, सह संयोजक संजय मलिक, पंचकूला के जिला संयोजक प्रवीन जांगड़ा सहित सैकड़ो की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन मनीष राई ने किया।

## चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र सेवा पर मंथन किया

**गोहाना।** रविवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय स्थित एमएसएम आयुर्वेदिक कालेज में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा पर मंथन किया गया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. शिवालिक ने की। मुख्य वक्ता आरोग्य भारती के उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री संजीवन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की विकास यात्रा और राष्ट्र-सेवा में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पारिवारिक और सामाजिक कल्याण के माध्यम से ही हम विकसित भारत की तरफ अग्रसर हो सकते हैं। विशिष्ट वक्ता रोहतक विभाग के संघचालक डा. निर्मल खंडेलवाल ने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए नागरिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। डा. शिवालिक ने भारतीय परिवार व्यवस्था को समृद्ध समाज के निर्माण की आधारशिला बताया। मंच संचालन डा. संजीव ने किया और हरियाणा योग आयोग के सदस्य डा. कुलदीप ने गोष्ठी के उद्देश्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। गोष्ठी में शिक्षाविद, सरपंचों, नंबरदारों, पूर्व सैनिक, विद्यालय संचालक, व्यवसायी, अधिकारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, प्रबंधक व संस्थाओं के प्रमुख शामिल रहे।



गोहाना। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए मेजबान।

### शिविर में 59 नागरिकों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** गांव आहुलाना स्थित गोशाला के 8वें वार्षिकोत्सव पर रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 59 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। कार्यक्रम में भंडारा भी लगाया गया जिसमें लोगों ने भोजन का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्री मैन देवेंद्र सूरा, भाजपा खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना और आहुलाना गांव के सरपंच कुलदीप गोगल थे। अध्यक्षता गोशाला के अध्यक्ष बलवान सिंह मलिक ने की जबकि संयोजन अंकित दूहन का रहा। रक्त संकलन के लिए पीजीआई रोहतक से डॉ. अनुराधा की टीम पहुंची। शिविर में नियमित रक्तदाताओं में अंकित दूहन, रागनी गायक अमित मलिक, अनिल, विकास दूहन, राकेश पन्नू, राजेश, संदीप, मोहित, सोनू, बलकार, युद्धवीर मोर, टोनी कश्यप, विनय मोर, सोनम, बिजेंद्र मलिक, सोनू कुमार और संदीप ने रक्तदान किया।

### पढ़ाई के साथ-साथ चरित्र का भी करें निर्माण : पवन



**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा रविवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप में पहुंचे और स्वयं सेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ अपने अच्छे चरित्र के निर्माण का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समाज सेवा करने का एकमात्र रास्ता एनएसएस इकाई है। जिसके नाम में ही सेवा भाव लिखी हुई है। प्रत्येक स्वयंसेवक को यह संकल्प लेकर ही आगे बढ़ना चाहिए कि वह अपने देश की संस्कृति का प्रचार प्रसार करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें। किसी भी रूप में देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे।

### युवा कार्यकर्ताओं में ही राजनीतिक दिशा तय करने की क्षमता : कुणाल गहलावत



**खरखौदा।** इनेलो कार्यकर्ताओं की एक बैठक खरखौदा में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने गई। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में फूट डालकर लोगों को बांटने का काम कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, महंगाई, अपराध चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं। प्रदेश में फिरौती, बेरोजगारी, लूटपाट, बलात्कार व अन्य जघन्य अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जिस पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है। जिससे जनता परेशान है। आंतरिक कलह के चलते कांग्रेस रसातल में पहुंच गई है। इनेलो की कल्याणकारी नीतियों के कारण ही जनता ने ओम प्रकाश चौटाला को पांच बार मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया। जिन्होंने अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान दिया। युवा कार्यकर्ताओं में ही राजनीतिक दिशा तय करने की क्षमता है। यहां तक कि चुनावी टिकट देकर उपकृत किया। मुख्यमंत्री रहते हुए ओमप्रकाश चौटाला ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देने की पहल जननायक चौधरी देवीलाल ने की थी। अनुशासित कार्यकर्ता ही राजनीतिक बदलाव की ताकत रखता है। कहने की जरूरत नहीं कि पार्टी की ताकत को बढ़ाने के लिए गांव व शहरों में कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जनवरी को सोनीपत में प्रदेश स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें शिरकत करने को करण चौटाला, अर्जुन चौटाला, प्रदीप गिल व अन्य नेता पहुंचेंगे। इस मौके पर पूर्व एसपी एवं पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अनूप दहिया, प्रदेश सचिव एडवोकेट कृष्ण मलिक, हलका अध्यक्ष बलवान नंबरदार, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र मंडोरा, जिला महासचिव करतार सिंह रोहणा, जिला युवा अध्यक्ष विकास मलिक, युवा हलका संयोजक प्रवीण भांजा, कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, हलका अध्यक्ष धर्मवीर दहिया मौजूद रहे।

### भारत केसरी दंगल में रोहित व आशीष रहे बराबर



*गोहाना। हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति हरियाणा द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) पर गोहाना में भारत केसरी दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुश्ती दंगल में देश कोने-कोने से नामी पहलवानों ने पहुंचकर बाहुबल दिखाया। पहले इनाम की कुश्ती रोहित लाडपुर और आशीष गोधड़ी के बीच कांटे की टक्कर के बाद बराबर रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और खरखौदा हलका के विधायक पवन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार सुबोध उनियाल और पूर्व मंत्री एवं सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पं. धर्मबीर गौड़ ने की और संयोजन समिति युवा अध्यक्ष पं. परशुराम गौड़ का रहा। समारोह में मणिकूट धाम से श्री श्री 1008 हरिओम महाराज, दमन एवं दीव सांसद कमल पटेल, एशियन कबड्डी फेडरेशन चेयरमैन गुलाब सिंह सैनी, आरटीआई आयोग हरियाणा आयुक्त कर्मवीर सैनी, भारतीय कुश्ती संघ चेयरमैन (प्रोटोकॉल) देवेन्द्र शर्मा एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, पद्मश्री महावीर गुड्डू, बीजेपी गोहाना अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, अशोक भरद्वाज, प्रदीप सांगवान, इंद्रजीत विरमानी, नायब तहसीलदार गोहाना जितेंद्र आदि मौजूद रहे।*

### साप्ताहिक अभियान के तहत संगठन ने 24 पौधे रोपे

*गोहाना। समाज कल्याण संगठन ने रविवार को शहर में महम मार्ग के साथ फुटपाथ की खाली जगह में चक्रेसिया, पापड़ी और जंगली जलेबी के 24 पौधे रोपे। नए पौधे रोपने के साथ संगठन के सदस्यों ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई भी की गई। संगठन द्वारा पौधों को ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया ताकि उनको पशु कोई नुकसान न पहुंचाएं। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है और पिछले करीब डेढ़ दशक से शहर में सार्वजनिक स्थलों व सडकों के किनारे खाली जगह में पौधारोपण किया जाता है। इसी क्रम में संगठन द्वारा रविवार को शहर में महम मार्ग के साथ फुटपाथ की खाली जगह में पौधरोपण किया गया। संगठन द्वारा छोटे पौधों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि उनकी सर्दी से बचाया जा सके। पौधरोपण में बलजीत जांगड़ा, अश्विनी सेठी, राजू, श्याम लाल, सत्यवीर सैनी, सोनू, प्रवीन कश्यप, मनोज प्रजापति और डॉ. बिजेंद्र ने अपनी सेवाएं दी।*



सोनीपत। पौधरोपण करते हुए संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सोनीपत के विकास को लेकर संगठनों ने की संगोष्ठी



*सोनीपत। सोनीपत समाज पंचायत एवं जिला व्यापार मंडल सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में सोनीपत के व्यापारी प्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व आईजी आईपीएस सुमन मंजरी ने की। बैठक में शहर के लगभग 80 जागरूक नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। संगोष्ठी में सोनीपत की वर्तमान स्थिति, विकास की दिशा एवं भविष्य की संभावनाओं को लेकर व्यापक और गंभीर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन से यह मांग की जाएगी कि हर माह सामाजिक प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाए, जिससे शहर से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। इस अवसर पर वाईके त्यागी, परिमल कुमार, संजय वर्मा, रिटायर्ड कर्नल अमिक गर्ग, डॉ. रमेश बत्रा, सरदार मोहन सिंह मनोचा, रविन्द्र सरोहा, सुभाष सिसोदिया, रामप्रकाश हुड्डा, राजेश दहिया, दिलबाग हुड्डा, अतुल जैन, अरविन्द मित्तल, संदीप बत्रा, जगत सिंह, जयबीर गहलावत, सतीश माथुर, दिनेश कुच्छल, पूर्णमल गौड़, जवाहर चानना, सुशील स्याल, नरेंद्र धवन, पवन तनेजा, नवीन मंगला आदि मौजूद रहे।*

### पंजीकृत गोशालाओं को सस्ती बिजली और ई-रिक्शा देगी सरकार : अरविंद



**गोहाना।** रविवार को गांव ठसका स्थित नंदलाल गोधाम गोशाला का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। समारोह में देसी घी का भंडारा भी लगाया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी पत्नी रीटा शर्मा थे। अति विशिष्ट अतिथि रोहतक के एसडीएम आशीष वशिष्ठ एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट रामकुमार मित्तल, गांव गुढ़ा के सरपंच समुंद्र सिहाग और समाजसेवी राजेश मुंडलाना रहे। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार गोवश को समृद्ध बनाने के लिए दिल खोलकर मदद कर रही है। अब गो सेवा आयोग पंजीकृत गोशालाओं को 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली देना और गोशाला परिसर में काम करने के लिए ई-रिक्शा मुहैया करवाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने गोशाला में विकास कार्यों के लिए 15 लाख रुपये और कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्चारी ने 5 लाख 51 हजार रुपये अनुदान देने की घोषणा की। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पूर्व की सरकारों में हरियाणा में 215 गोशालाएं थी, जिनमें 1074 गोवंशों का पालन पोषण हो रहा था। जब से भाजपा ने जन सेवा का दायित्व संभाला है तब से प्रदेश में 650 पंजीकृत गोशालाएं कार्य कर रही हैं, जिनमें 4 लाख के लगभग गोवंश व नंदियों का पालन पोषण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की सरकारों के 2 करोड़ रुपए के बजट को बढ़ाकर 595 करोड़ रुपये किया है। समारोह में नरेन्द्र गहलावत, पूनम देवी सरपंच ठसका, सुमन वशिष्ठ पूर्व सरपंच, डॉ. रंजना गुप्ता, नरेन्द्र वशिष्ठ, सुनील शर्मा एमडी जेएलएन, संदीप जांगड़ा, संजीव सिंगला, रामनिवास खेड़ी, सन्नी आहूजा, जस्सी खुराना और देवेन्द्र सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में गोशाला अध्यक्ष एसएन गुप्ता, सचिव पंकज गोयल, खजांची गौरव गोयल, प्रेस सचिव जगबीर जैन, सदस्य सुमेर जैन, डॉ. राकेश रोहिल्ला, एडवोकेट सुमित मित्तल, विकास सैनी, अजीत जैन, कुलदीप कौशिक, सुनील गर्ग, डॉ. भीम, डॉ. प्रमोद गुप्ता, चंद्र प्रकाश और रवि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### निगम चुनाव नजदीक देख विकास के नाम पर दुरुस्त सड़कें उखाड़ने, सीवर लाइन डालने का आरोप

# कॉलोनीवासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत की बत्रा कॉलोनी में सीवर की सफाई न करवाकर नई सीवर लाइन दबाने के लिए दुरुस्त सड़कों को तोड़ने, लोगों के कनेक्शन टूटने, काम पूरे मापदंड से न किए जाने के विरोध में कालोनी वासियों ने आम आदमी पार्टी के नेता सतबीर सत्ती व विमल किशोर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कॉलोनी वासियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम चुनाव नजदीक होने के चलते अब विकास के नाम पर शहर में सड़कें उखाड़ी जा रही हैं। 5 साल के कार्यकाल में कॉलोनी में कोई कार्य नहीं करवाया गया। चुनाव नजदीक आते ही विकास के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। आप नेता विमल किशोर, सतबीर सत्ती, विकास दहिया ने आरोप लगाया कि कमीशन व घूस के चक्कर में अच्छी भली सड़क तोड़कर कहीं पर सीवर लाइन बिछाई जा रही है, तो कहीं पानी की लाइन बिछा रहे हैं, जबकि न तो कोई जनता से डिमांड है, न जनता की कोई शिकायत है। कॉलोनी वासियों की मांग है कि सीवर लाइन व सीवर मेनहोल की सफाई करवाई जाए, लेकिन सफाई करने के बजाय नई लाइन बिछाई जा रही है। लोगों की यह भी शिकायत है कि कॉलोनी की गलियों में गड्ढों को भरवाया जाए, लेकिन नगर निगम प्रबंधन गड्ढे भरने के बजाय सड़के तोड़कर दोबारा बनवा रहा है। यह खेल केवल कमीशन के चक्कर में खेला जा रहा है। इससे एक तरफ करोड़ों रुपये का बजट बिना जरूरत के खराब किया जा रहा है, दूसरी तरफ विकास का दिखावा किया जा रहा है।



सोनीपत। सोनीपत की बत्रा कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के आरोप लगा आप नेताओं के साथ प्रदर्शन करते कॉलोनी वासी। फोटो : हरिभूमि

#### पेयजल संबंधी समस्या का समाधान करवा दिया गया

बत्रा कॉलोनी में पुरानी सीवरेज लाइन खराब हो चुकी है। स्थानीय लोगों को सुविधा देने के उद्देश्य से नई सीवरेज लाइन को डलवाया जा रहा है। बिना सड़क को उखाड़े नई सीवरेज लाइन नहीं डाली जा सकती। वहीं पेयजल लाइन टूटने संबंधी पहले जानकारी नहीं थी। जानकारी मिलते ही लाइन को जुड़वाकर लोगों की पेयजल संबंधी समस्या का समाधान करवा दिया गया है।

-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम सोनीपत

#### उच्च स्तरीय जांच करवाने की उठाई मांग

आप नेताओं व कॉलोनी वासियों ने सरकार व प्रशासन से मांग की, कि विकास के नाम पर उखाड़ी जा रही दुरुस्त सड़कों, सीवर लाइन की सफाई के बजाय नई डालने के मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। शहरवासियों को इस बात का पता चलना चाहिए कि आखिर किसकी डिमांड, किसकी शिकायत पर बेवजह दुरुस्त गलियां उखाड़कर सीवर व पानी की लाइन डाली जा रही है। प्रदर्शन में आप नेता राजेश सरोहा, योगेश पाल, दीपक चुघ, शेर मोहम्मद सत्तार, कॉलोनी वासी मनमोहन सिंह, हितेश तनुजा, मल्लिका, उपासना, परविंद्र, मीनू, सीमा, संजय, चंद्रकला मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### छोटूराम की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**गोहाना।** पंजाबी महासभा गोहाना द्वारा अपने साप्ताहिक अभियान के तहत रविवार को शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित दीनबन्धु सर छोटूराम चौक की साफ-सफाई की गई। मार्गदर्शन महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी का रहा। चौक की सफाई करने के बाद महासभा के सदस्यों ने छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी दी। महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी ने कहा कि हमारे महापुरुष हमारे आदर्श हैं। हमें अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

### नारी सशक्तीकरण अन्य राज्यों के लिए उदाहरण: रीटा

**गोहाना।** सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डा. रीटा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। नीतियों को धरातल पर लागू करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में अन्य राज्यों के सामने उदाहरण पेश किया है। डॉ. रीटा ने कहा कि भाजपा सरकार के संकल्प को गोहाना विधानसभा में कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। रविवार को मेरी सखी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत गांव करेवड़ी से की गई।

### रोजगार योग्यता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**सोनीपत।** सोनीपत स्थित जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में 16 जनवरी तक चलने वाले "रोजगारयोग्यता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम" का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को आत्मविश्वास और दक्षता के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रेज़्यूमे निर्माण, साक्षात्कार में प्रदर्शन, आत्म-जागरूकता, बॉडी लैंग्वेज तथा डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---

शिक्षा विभाग की कार्यशाला का तीसरे व चौथा सत्र आज से

# निपुण हरियाणा एप से लगेगी शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी

1. नई शिक्षा नीति के अनुसार प्राथमिक शिक्षकों को निपुण बनाने की तैयारी
2. अन्य जिलों से शीतकालीन अवकाश में अपने गृह क्षेत्र में आने वाले शिक्षक भी लेंगे प्रशिक्षण
3. विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से शैक्षणिक स्तर बढ़ाने के लिए करवाई जा रही कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को निपुण बनाने, शिक्षा स्तर में और सुधार लाने के लिए 12 जनवरी को तीसरे व चौथे चरण की दो-दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया जाएगा। खंड स्तर पर होने वाली कार्यशालाओं में प्रदेश के अन्य जिलों में कार्यरत सोनीपत के प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में शैक्षणिक स्तर को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को सुझाव दिए जाएंगे। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) के जिला समन्वयक मनोज वर्मा ने बताया कि शीतकालीन अवकाश के दौरान अन्य जिलों से गृह जिले में आए प्राथमिक शिक्षकों के लिए सोमवार से प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ हो रही हैं।



**सोनीपत।** सोनीपत के गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय विद्यालय में कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को प्रशिक्षण करती मास्टर ट्रेनर, निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान। फाइल फोटो

### उच्च अधिकारी करेंगे निरीक्षण

(एससीईआरटी) के अधिकारियों सहित जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, एफएलएन के जिला समन्वयक, बीआरसी, संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य कार्यशाला का निरीक्षण कर जायजा लेंगे। साथ ही कार्यशाला में शिक्षकों की सहभागिता, प्रशिक्षण सामग्री, मूल्यांकन पर नजर रखेंगे। इसकी रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को भेजी जाएगी।

### कार्यशाला में पहुंचकर प्रशिक्षण लेना अनिवार्य

जिले में करीब 2290 प्राथमिक शिक्षकों को चार चरणों में प्रशिक्षण दिया जाना है, इनमें दो चरण शेष बचे हैं। सभी प्राथमिक शिक्षकों को कार्यशाला में पहुंचकर प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है, ताकि उन्हें पढ़ाई में पिछड़ने वाले विद्यार्थियों को निपुण बनाने में क्या-क्या प्रक्रिया अपनाई जाए, किस तरह से उनसे समन्वय किया जाए, की जानकारी दी जा सके। इन सभी प्रक्रियाओं पर कार्यशाला में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

*-रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

### सोनीपत खंड से 280 प्राथमिक शिक्षक

सोनीपत खंड में कुल 280 प्राथमिक शिक्षक अपने गृह जिलों में प्रशिक्षण लेंगे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मणान में चार समूह में 160 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन में तीन समूह में 120 अन्य जिलों के प्राथमिक अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### कार्यशाला का उद्देश्य

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिलाभर के राजकीय विद्यालयों में सितंबर व दिसंबर माह में हिंदी व गणित विषय पर आकलन (सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट) का आयोजन किया गया था। इसके परिणामस्वरूप अब सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षिणक स्तर में सुधार लाना है। इसी उद्देश्य से शीतकालीन अवकाश के चलते जिलाभर के अलावा अन्य जिलों में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षा में सुधार लाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला में दो चरणों में कार्यशाला संपन्न हो चुकी है, जबकि 12 से 15 जनवरी तक चार दिन दो-दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

### शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान दिए जाएंगे

कार्यशाला का समय सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 4 बजे तक रहेगा। जिसमें शिक्षकों का मौजूद रहना अनिवार्य रहेगा। निपुण हरियाणा एप के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी भी लगाई जाएगी। कार्यशाला पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण के पश्चात विद्यालय प्रबंधकों को सभी शिक्षकों के प्रमाणपत्र जांच करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके।

---

चारों रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन व सेक्टरवासियों ने मिलकर की बैठक

# मैप्सको कंपनी पर तानाशाही और मनमाने रवैये का आरोप




**सोनीपत।** सेक्टर-26 मैप्सको गार्डन क्लब के सामने मांगों को लेकर रोष जताते रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-26 मैप्सको गार्डन रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर चारों रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन व सेक्टरवासियों ने मिलकर रविवार को बैठक की। बैठक के बाद मैप्सको कंपनी पर तानाशाही, मनमानी रवैये का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि एसोसिएशन के आह्वान करने पर भी मैप्सको कंपनी बैठक तक नहीं करती, जबकि स्थानीय लोगों पर अनावश्यक पानी बिल, क्लब चार्ज थोपे जा रहे हैं। इससे सेक्टरवासियों में कंपनी के खिलाफ रोष है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि मैप्सको परिसर स्थित क्लब सुविधा की बुकिंग में सामने आई गंभीर प्रशासनिक अनियमितता को लेकर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएयान ने मैप्सको प्रबंधन के खिलाफ विरोण दर्ज कराया। क्लब सुविधा को 29 दिसंबर 2025 को एमए-247 निवासी की ओरसे 14 फरवरी 2026 को विवाह समारोह के लिए बुक किया गया था। इस मुद्दे पर हुई बैठक में सेक्टर-27 रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार, रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन लठवाल, महासचिव राजेश वशिष्ठ, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र गौतम, चेतन अत्री, सुभाष खर्ब, योगेश कुमार, विनोद ढोंचक, अमित रेड्डू, वीरेंद्र लाकड़ा, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रबंधन से मांगा स्पष्टीकरण

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 फरवरी को एमए-247 निवासी के अतिरिक्त किसी अन्य निजी या विवाह कार्यक्रम की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेताया कि यदि प्रबंधन की ओर से मूल बुकिंग को तत्काल बहाल कर लिखित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो एसोसिएशन जिला प्रशासन, ग्रीवेंस कमेटी एवं अन्य सक्षम प्राधिकरणों के समक्ष शिकायत व कानूनी कार्यवाही करवाने के लिए बाध्य होगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मैप्सको प्रबंधन की होगी।

---

मुरथल में बाबा श्री काले नाथ की स्मृति में यू-15 फुटबॉल स्पर्धा शुरू

# सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही : गहलावत

विधायक कृष्णा गहलावत ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

मुरथल गांव में बाबा काले नाथ की याद में युवा फुटबॉल क्लब मुरथल की ओर से एक दिवसीय अंडर-15 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों और स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहला सेमीफाइनल मैच मुरथल गांव और 3जी स्कूल की टीम के बीच खेला गया, जिसमें मुरथल गांव की टीम जीत दर्ज की।

### दूसरे सेमीफाइनल में राजलू गढ़ी गांव की टीम जीती

*दूसरा सेमीफाइनल मैच डीएवी स्कूल और राजलू गढ़ी गांव की टीम के बीच हुआ। इस मुकाबले में राजलू गढ़ी गांव की टीम ने अनुशासित खेल और बेहतर तालमेल के दम पर जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस मौके पर पवन आंतिल, विनोद बैरागी, प्रमोद,अंकित आंतिल,विजेंद्र आंतिल, प्रदीप, मनजीत सुमो, कोच सीमा, प्रिया, रेखा, निशी मौजूद रहे।*

---

# मनरेगा बचाओ संग्राम: कांग्रेसियों ने रखा उपवास

मजदूरों के हक की लड़ाई जारी रहेगी, वार्ड स्तर पर जाकर करेंगे जागरूक : कमल दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत की ओर से मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गांधी चौक पर जिला स्तरीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर रोष जताया। उपवास के माध्यम से नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर कर मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है।



**सोनीपत।** प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी।

### पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष कमल दिवान व संजीव दहिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### मनरेगा को और अधिक मजबूत करने की मांग

*शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा मनरेगा योजना कांग्रेस शासन की एक क्रांतिकारी देन है, जिसने ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को संभाला है।भाजपा सरकार योजना का नाम बदलने और इसके बजट में कटौती कर इसे खत्म करने की साजिश रच रही है। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक पर डकैती नहीं डालने देगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, और पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने शिरकत की। नेताओं ने एकजुट होकर मांग की कि मनरेगा को और अधिक मजबूत किया जाए। उपवास कार्यक्रम में जयवीर अंतिल, रंजीत कौशिक, राजेश सेवली, देवेंद्र, आशीष लटवाल , रविंद्र जसराना, अनुज छाबड़ा,प्रशांत शर्मा, पायल मलिक, अंकित मेहता, सुषमा, मोनिका नरवाल, सुरेंद्र शर्मा, सोनू वर्मा, रविंद्र बूरा, राकेश सौदा (प्रवक्ता), दयानंद वाल्मीकि, डॉ. सतवीर निर्माण, अमित मंडल आदि मौजूद रहे।*

---

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रमुख नागरिक गोष्ठी आयोजित

# समाज में राष्ट्रभावना को मिली मजबूती : राजेश



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला सोनीपत द्वारा संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत के मूट कोर्ट हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. हरेंद्र सिंह ओबरॉय, निफ्टेम ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक प्रमुख राजेश रहे, जबकि विशेष वक्ता के रूप में कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र सिंह, रजिस्ट्रार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग 250 से अधिक डीन, प्रिंसिपल, डायरेक्टर, रजिस्ट्रार, कुलपति तथा विभिन्न शैक्षणिक व अन्य संस्थानों के शिक्षक एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. हरेंद्र सिंह ओबरॉय ने कहा कि संघ का मूल विचार समाज को जोड़ना है और इससे श्रेष्ठ कोई विचार नहीं हो सकता। मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक प्रमुख राजेश ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में आज हम सिखों के नवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान की 350वीं वर्षगांठ भी स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने संघ के निमंत्रण पर उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि समाज में राष्ट्रभावना को मजबूती मिली है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

---

# इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट परियोजना की समीक्षा

- तय समय पर पूर्णता के लिए कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश : मुकुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर में निर्माणाधीन इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार व उपायुक्त सोनीपत सुशील सारवन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। निर्माण एजेंसी ने समीक्षा के दौरान बताया कि परियोजना का अब तक 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। अब तक पूरे हुए 60 प्रतिशत कार्य की बैठक के दौरान विस्तार से समीक्षा की गई। इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अब तक प्राप्त उपलब्धियों और आगामी तिमाही की कार्ययोजना की जानकारी दी गई। कंपनी द्वारा बताया गया कि परियोजना की लगभग 60 प्रतिशत भौतिक प्रगति पूर्ण हो चुकी है।



**गन्नौर।** हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार व उपायुक्त मंडी का दौरा करते हुए।

### उपायुक्त ने दिए निर्देश

प्रबंध निदेशक ने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी संबंधित पक्षों को निर्देश दिए कि परियोजना के कार्यों में और तेजी लाते हुए इसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में सोनीपत के उपायुक्त सुशील सारवान ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्माण कंपनी को निर्देश दिए की बाकी बचे कार्य को भी पूरी गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाए। उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, उप-मंडल अधिकारी (ना.) गन्नौर प्रवेश कादियान मुख्य अभियंता, कार्यकारी अभियंता (गन्नौर/करनाल), परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि तथा ईपीसी एजेंसी एनसीसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# गंदे पानी की सप्लाई से ग्रामीण परेशान

**सोनीपत।** हुल्हेड़ी गांव में पीने के पानी की सप्लाई लाइन में लीकेज होने के कारण ग्रामीणों को गंदा पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि गंदे पानी की सप्लाई से गांव में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में गंदे पानी की सप्लाई के कारण कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जिससे सरकार और प्रशासन को सबक लेना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिन गांवों में पानी की लीकेज है, उसे तुरंत ठीक कराया जाए ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके। समय पर समस्या का समाधान न होने से ग्रामीणों को मजबूरी में दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। जिला पार्षद ने कहा कि सभी गांवों में लीकेज ठीक कराने और तालाबों की नियमित सफाई की मांग को लेकर पब्लिक हेल्थ कार्यालय में लिखित शिकायत दी गई है। अमृत योजना के तहत जिन तालाबों पर खर्च किया गया था, उनकी हालत भी खराब है। पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।



---

अब ग्रीन बेल्ट से हटकर नए सिरे से करवाया जाएगा निर्माण

# महाराजा सूरजमल स्मारक स्थल विवाद के बीच आरडब्ल्यूए ने गिराई प्रतिमा के पास बनी दीवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महाराजा सूरजमल स्मारक स्थल को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब प्रतिमा के सामने बनी स्मारक स्थल की दीवार को गिरा दिया गया है। उपायुक्त सुशील सारवान के साथ बैठक के बाद सेक्टर-23 रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रतिमा स्थल के पास ग्रीन बैल्ट में बनी दीवार को हटाया है। माना जा रहा है कि अब स्मारक स्थल से जुड़ा निर्माण ग्रीन बैल्ट से हटकर वैध भूमि पर नए सिरे से करवाया जाएगा।

### समाज के कुछ लोगों ने जताया विरोध

समाज के कुछ लोगों ने स्मारक स्थल की दीवार दीवार गिराने को लेकर अपना विरोध जताया है। उनका कहना है कि पूर्व में बनी संरचना को हटाने की आवश्यकता नहीं थी। समाज के एक प्रतिनिधि ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई प्रशासनिक अधिकारियों के कहने पर की गई है। चुनावों को देखते हुए मौखिक आदेशों के तहत दीवार गिराई गई है। जिसके कारण इस तरह से दीवार गिराने के मामले में कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं।



**सोनीपत।** महाराजा सूरजमल स्मारक स्थल पर गिराई गई दीवार।

### अनावरण रुकने पर सीएम से की थी मुलाकात

अनावरण रुकने पर समाज के प्रतिनिधियों ने खरखौदा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की थी। प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मांग की थी, कि प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री स्वयं करें। मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति जताते हुए भव्य आयोजन की तैयारियों के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में अब स्मारक स्थल को पूरी तरह वैध भूमि पर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### फरवरी के दूसरे सप्ताह में किया जा सकता है प्रतिमा का अनावरण

*एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश दहिया ने बताया कि ग्रीन बैल्ट क्षेत्र में बनी दीवार को हटाना आवश्यक था, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का कानूनी या प्रशासनिक विवाद न रहे। समाज की भावना का सम्मान करते हुए अब दीवार और स्मारक का निर्माण नियमानुसार ग्रीन बैल्ट से हटकर किया जाएगा। सभी तैयारियां नए सिरे से शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में प्रतिमा का अनावरण किया जा सकता है। महाराजा सूरजमल की प्रतिमा व स्मारक स्थल को लेकर सेक्टर-23 में 23-24 दिसंबर को अनावरण की तैयारियां की गई थी, लेकिन प्रशासन ने निर्माण कार्य ग्रीन बैल्ट पर बताते हुए अनावरण को रूकवा दिया था।*

---



### नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल ने जीते 3 पदक

**खरखौदा।** ओडिशा के कटक में आयोजित जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में प्रताप विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अंश पटेल, आयुष सैनी और योगेश ने अपने - अपने वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक सत प्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया व फेंसिंग कोच लोकेश राणा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।